छात्र-छात्राओं ने फहराया परचम

डीग (निस)। राजकीय महाविद्यालय डीग द्वारा जिला स्तरीय अन्र्तमहाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय महाविद्यालय के टीम प्रभारी डॉ. मन्नान खान के नेतृत्व में छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में खो-खो की टीम ने कु. तनिष्का खण्डेलवाल पुत्री संतोष खण्डेलवाल बी.ए. प्रथम वर्ष के नेतृत्व में भाग लेकर जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सौ मीटर महिला दौड कु. सोनिया पुत्री सूरज बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सौ मीटर पुरूष दौड में मौ. फैज पुत्र श्री जमूद खान बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, बुद्धराम पुत्र बृजलाल बी.ए. प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दौ सौ मीटर महिला दौड़ में कु. सोनिया पुत्री सूरज बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा कु. मुस्कान पुत्री सूबेखान बी.ए. तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दौ सौ मीटर पुरूष दौड़ में मौ. कैफ पुत्र जमूद खान बी.ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा प्रषान्त गुर्जर पुत्र सुन्दरसिंह बी.ए. द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहे। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय कुमार ने हर्षव्यक्त किया।

रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास कार्य कराए जा रहे हैं

गंगापुर सिटी। गंगापुर सिटी स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 24.50 करोड रुपए के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन विकास कार्यों का शुक्रवार को डीआरएम ने निरीक्षण किया। साथ ही विकास कार्यों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीआरएम मनीष तिवारी ने सवाई माधोपुर के बाद गंगापुर सिटी स्टेशन का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में डीआरएम ने मुख्य रूप से उक्त खंड पर सुरक्षा पहलुओं एवं स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्य का अवलोकन किया। डीआरएम के साथ निरीक्षण में संबंधित विभाग के शाखा अधिकारी और पर्यवेक्षक मौजूद रहे। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान गाडी संचालन से जुडे सभी संरक्षा मानकों, ट्रैक, ब्रिजों, ओएचई एवं समपार फाटकों का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त अमृत

डीआरएम मनीष तिवारी ने गंगापुर सिटी स्टेशन पर किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

भारत स्टेशन योजना के तहत कोटा-भरतपुर खंड के सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, श्री महावीरजी, हिंडौन सिटी, बयाना एवं भरतपुर स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लिया। गौरतलब है कि गंगापुर सिटी सहित मंडल के 17 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। इनकी कुल लागत 356.85 करोड है। इसमें सवाई माधोपुर स्टेशन पर 38.86 करोड, गंगापुर सिटी स्टेशन 24.50 करोड की लागत से उक्त स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पुर्नविकास कार्यों में तीव्रता और गुणवत्ता के साथ

■ **सवाई माधोपुर स्टेशन पर 38.86 करोड, गंगापुर सिटी स्टेशन 24.50 करोड की लागत से कायाकल्प किया जा रहा है**

नियत समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीआरएम के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) संजय यादव, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सौरभ जैन, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विनोद कुमार मीना, वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (टीआरडी) एमएस मीना और मंडल सुरक्षा आयुक्त ए नवीन कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

'व्यापारियों का उत्पीडन बर्दाश्त नहीं'

भरतपुर (निस)। जिला व्यापार महासंघ ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि व्यापारियों का उत्पीडन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। भरतपुर जिला व्यापार महासंघ हमेशा अतिक्रमण के खिलाफ रहा है अतिक्रमण हटना चाहिए पर छोटे कर्मचारी अधिकारी जिनकी मिलीभगत से अतिक्रमण होते हैं तथा जो अपने स्वार्थो की पूर्ति करते हैं वह इन्हें हटाने नहीं देना चाहते वह माहौल खराब करते हैं। हीरादास पर अतिक्रमण हटाने के नाम पर जो हुआ।

यह इसका जीता जागता उदाहरण है। दुकानदारों को उनकी महिलाओं को बेवजह पीटा गया। पूर्व जिला कलेक्टर लोकबंधु यादव ने एक कमेटी बनाई थी जिसकी मुखिया नगर निगम आयुक्त भावना शर्मा को बनाया गया था पर नगर निगम आयुक्त ने इस संबंध में कुछ नहीं सुनना चाहती थी।

एसपी मृदुल कच्छावा से कहा गया उन्होंने सारे मामले को देखकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस सब को लेकर यह हीरादास बाजार संघ के व्यापारियों में भारी रोष है वह बाजार बंद कर प्रदर्शन करने का मन बना रहे हैं।

सार-समाचार

गांजा तश्करी के मामले एक गिरफ्तार

भरतपुर (निस)। उच्चैन थाना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ परिवहन करने के मामले में बडी कार्यवाही करते हुए गांजा तश्करी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर 16 किलो 740 ग्राम गांजा व बाईक को जब्त किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा के निर्देषन में स्थानीय एवं विशेष अधिनियम की कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रघुवीर सिंह व वृत्ताधिकारी वृत उच्चैन धमेन्द्र शर्मा आरपीएस के सुपरविजन में थानाधिकारी प्रदीप कुमार मय जाप्ता द्वारा नाकाबन्दी के दौरान जरिये मुखविर की सूचना पर उच्चैन-बरकौली वाले रास्ते पर एक संदिग्ध वाईक सवार आता हुआ दिखाई दिया। जो पुलिस जाप्ता को वाबर्दी देख बाइक को मोडकर भागने लगा। जिसको पुलिस जाप्ता की मदद से पीछाकर पकडा। पकडे गये व्यक्ति से नाम-पता पूछे तो उसने अपने नाम बन्टी पुत्र पोपसिंह उम्र 30 साल जाति गुर्जर निवासी जुगला पट्टी थाना उच्चैन का होना बताया। पुलिस द्वारा आरोपी के पास मिले प्लास्टिक के कट्टे व पोंलीथीन की गहनता से तलाशी ली गई तो कट्टे व पोंलीथीन अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक कांटे की मदद से वजन किया तो पोलीथीन में 3 किलो 230 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा तथा प्लास्टिक के कट्टे में 465 हरे पेड मिले। जिनका वजन 13 किलो 510 ग्राम मिला। कब्जे से मिले अवैध मादक पदार्थ का कुल वजन 16 किलो 470 ग्राम पाया गया। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने बाबत वैद्य अनुज्ञापत्र मांगा तो उनके पास कोई अनुज्ञापत्र नही होना बताया। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर अवैध गांजा व मोटरसाईकिल को जब्त कर थाना ऊच्चैन पर मामला दर्ज किया गया।

एस.डी.एम. साधना शर्मा ने सैंपऊ अस्पताल का निरीक्षण किया

धौलपुर। सैंपऊ उपखंड की नवनियुक्त एसडीएम साधना शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद अस्पताल का निरीक्षण किया। पिछले कई दिनों से अस्पताल में चल रही अव्यवस्थाओं की जानकारी मिलने पर एसडीएम ने अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों की अटेंडेंस लेकर दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम से स्थानीय लोगों ने गायनी का डॉक्टर लगवाने की मांग की। एसडीएम साधना शर्मा ने अस्पताल पहुंचकर अस्पताल प्रभारी डॉक्टर शोभित शर्मा से ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रभारी से एसडीएम ने फील्ड में तैनात एएनएम की जानकारी ली। अस्पताल प्रभारी को निर्देश देते हुए एसडीएम ने कहा कि फील्ड में तैनात सभी एएनएम को एक निश्चित समय पर सैंपऊ अस्पताल में ड्यूटी के लिए बुलाया जाए। जिससे मरीजों को राहत मिल सके। अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर लगाए गए डॉक्टर से उनके कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए एसडीएम ने सभी कर्मचारियों का ड्यूटी चार्ट तैयार कर उन्हें तय समय पर अस्पताल में उपलब्ध करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मौजूद पूर्व सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र परमार ने अव्यवस्थाओं को गिनाते हुए बताया कि उनके अस्पताल में हादसे के साथ गायनी के पेशेंट सबसे अधिक आते हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में गायनी की जगह डेंटल डॉक्टर लगाए गए हैं। जिसको लेकर एसडीएम से अस्पताल के लिए गायनी का डॉक्टर लगवाने की मांग की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने जल्द ही अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है।

निःशुल्क सिलाई मशीन बांटी जायेगी

करौली, (नि.स.)। भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सूर्योदय फाउंडेशन प्रयागराज के द्वारा करौली जिले में महिला स्वास्थ्य सुरक्षा योजना एवं निशुल्क सिलाई मशीन वितरण योजना का कार्य शुरू किया जा रहा है। सूर्योदय फाउंडेशन जिला करौली के जिला प्रभारी योगेश चंद्र मीणा एवं अलवर, दौसा के जिला प्रभारी इंद्रराज मीणा के द्वारा सूर्योदय फाउंडेशन कि योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। और साथ ही सभी ब्लॉक सुपरवाइजर को प्रशिक्षण व किट वितरित किया गया है। इस फाउंडेशन में गरीब परिवारों की महिलाओं को अपने घर चलाने में स्वरोजगार के माध्यम से परिवार का भरण पोषण अच्छे से कर सके। इस कार्यक्रम में अतिथि प्रगति प्रसार अधिकारी रीना गुर्जर,सहायक प्रशासनिक अधिकारी योगेश शर्मा,एलडीसी गौरव शर्मा व कृष्णा कुमार सारस्वत तथा ब्लॉक सुपरवाइजर लवली गोयल, श्वेता पाराशर, सपना, दीपक विजय खुशी राम, मानसिंह इत्यादि सुपरवाइजर शामिल हुए।

अतिक्रमण को हटाने की मांग

करौली, (नि.स.)। महावीर जी क्षेत्र के बरगमा गांव में स्थित सिवायवाचक भूमि पर अवैध रूप से हो रहे अतिक्रमण को रुकवाने कि गांव के लोगों ने जिला कलेक्टर से ज्ञापन सौंप कर मांग की है। वरगमा गांव के दिनेश चंद,राजेश कुमार, रामेश्वर, दीनबंधु, बद्रीलाल, धीरसिंह, भगवान सहाय आदि ने जिला कलेक्टर के नाम का अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि गांव में बेसकीमती गैर मुमकिन भूमि पर पंकज नामक व्यक्ति द्वारा वदनियति से अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। जिसको रुकवाने की मांग करते हुए बताया कि गैर मुमकिन भूमि खसरा नंबर 2080 रक्वा 6.98 हेक्टर ग्राम बरगामा जो सार्वजनिक उपयोग की भूमि है। पंकज की खातेदारी की भूमि स्थित है गैर मुमकिन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है जिसको मुक्त करने की मांग की है।

कलेक्टर ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय का निरीक्षण किया

करौली, (नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना गुरूवार को विद्युत विभाग करौली के सहायक अभियंता कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने परिसर मे साफ-सफाई व्यवस्था नही मिलने पर नाराजगी व्यक्त की एवं सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने,कार्यालय रिकार्ड को उचित प्रकार से रखने, विद्युत से संबंधित आमजन की समस्याओं को समय सीमा मे निस्तारण करने,विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। इसके अलावा जिला कलेक्टर ने कार्यालय मे उपस्थिति पंजिका को भी जांचा जिस पर कार्यालय समय पर नही पहुचने वाले कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये।

शिव परिवार व हनुमान प्रतिष्ठा महोत्सव 4 से

हिण्डौन सिटी । यहां किशन नगर बी ब्लॉक में नवनिर्मित गंगाधर महादेव मंदिर में शिव परिवार एवं हनुमान प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 4 मार्च से शुरू होगा। पंच दिवसीय इस कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली जाएगी।

प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के वेदप्रकाश शर्मा एडवोकेट ने बताया कि किशन नगर स्थित जांगिड़ विकास संस्थान परिसर में गंगाधर महादेव मंदिर का निर्माण किया गया है। मंदिर में शिव परिवार एवं हनुमान जी की प्रतिमाएं विराजित की गई हैं, जिनका पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 4 मार्च से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम दिन सुबह 8.15 बजे साधना कॉलोनी स्थित चकाचक महादेव मंदिर से बैण्ड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर एक बजे से शिव महापुराण कथा का वाचन पण्डित ओमप्रकाश चतुर्वेदी जलालपुर द्वारा किया जाएगा। जिसमें शिव महात्म्य के बारे में बताया जाएगा। दूसरे

■ **कलश यात्रा से होगा कार्यक्रम का शुभारंभ, पंच दिवसीय महोत्सव**

दिन शिव अवतार के बारे में विस्तृत जानकारी, तीसरे दिन 6 मार्च को सती विवाह एवं 7 मार्च को शिव लीला का पाठन किया जाएगा। इस दौरान सजीव झांकियां भी सजाई जाएंगी। आठ मार्च को सुबह 7.15 बजे शिव परिवार एवं हनुमान जी की प्रतिमाओं की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। दोपहर एक बजे से शिव-पार्वती विवाह सम्पन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 मार्च को सुबह 7 बजे हवन एवं पूर्णाहुति होगी तथा दोपहर को भण्डारा आयोजित कर प्रसादी वितरित की जाएगी। इधर प्रतिष्ठा महोत्सव की सफलता को लेकर आयोजनकर्ता जांगिड़ ब्राह्मण समाज किशन नगर ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

ए.बी.वी.पी. ने ज्ञापन सौंपा

हिण्डौन सिटी । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हिंडौन के राजकीय महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन कर 9 सूत्रीय मांगो के साथ ज्ञापन सौंपा। इकाई अध्यक्ष भूपेंद्र छाबड़ी के नेतृत्व में दिया ज्ञापन।

ज्ञापन के मुख्य मांगे महाविद्यालय में हो जिससे स्थानीय विधार्थियों को सेना भर्ती मे मदद मिले, चल रहे रिक्त पदों की पूर्ति हो, साफ सफाई समय पर हो, नियमित क्लास हो आदि मांगों के लिए प्राचार्य को ज्ञापन दिया। जिला संयोजक योगेंद्र डागुर ने प्राचार्य को समस्याओं को जल्द से जल्द उचित जबाब माँगा।

प्रांत कार्यकारिणी सदस्य लव सोलंकी ने प्राचार्य को ज्ञापन के साथ मांगो को लेकर करीब 1 घंटे विरोध प्रदर्शन किया और प्राचार्य के मध्य काफी समय बहस हुई। इस दौरान जिला संयोजक योगेंद्र डागुर, साक्षी गुर्जर, रुचि डागुर, वंशिका, नेहा, सरिता, सिमलेश, सलोनी, संजना, सोनम, मनीषा, आशी बानो सहित अनेक महाविद्यालय विधार्थी शामिल रहे।

नवीन फल सब्जी मंडी यार्ड का हुआ लोकापर्ण

करौली, (नि.स.)। करौली. जिला मुख्यालय पर एनएच 23 पर नव निर्मित फल-सब्जी मण्डी यार्ड का विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी ने फीता काट और शिला पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया।फल सब्जी मंडी के शुरू होने से शहर वासियों और सब्जी विक्रेताओं को परेशानियों जल्द निजात मिलेगी तथा फल सब्जी के कारोबार में भी वृद्धि की उम्मीद है।

कार्यक्रम के दौरान करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का असर दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र के विकास और आमजन की सुविधाओं के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस दौरान पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी ने कहा कि भाजपा आमजन कि भावनाओं को ध्यान में रख कर काम करेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान मंडी समिति सचिव राजेश कर्दम ने मंडी संचालन शुरू होने से व्यापारियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में फल सब्जी थोक विक्रेता, व्यापारी और अन्य मौजूद रहे। फल-सब्जी आढतियां संघ अध्यक्ष अजय पाल ने बताया कि शहर के बीच संचालित थोक फल-सब्जी मंडियों से यातायात सहित अन्य अव्यवस्था भी बनी रहती है। जिससे आए दिन जाम की नौबत आती है और लोग परेशान रहते हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार की ओर से जिला मुख्यालय पर फल-सब्जी मण्डी यार्ड निर्माण की स्वीकृति दी गई थी जिसके बाद फल-सब्जी मण्डी के लिए यहां ट्रक यूनियन से आगे तीन बड़ के समीप भूमि चिन्हित कर वर्ष 2018 में दुकानों के लिए भूखण्डों का आवंटन कर दिया।

इस दौरान मण्डी यार्ड में कुल 32 दुकानों का आवंटन आढ़तियाओं के लिए किया गया। इनमें से 6 दुकानें महिला कृषकों के लिए आरक्षित हैं। भूखण्ड आवंटित होने के बाद स्वयं फल-सब्जी आढ़तियाओं को दुकानों का निर्माण कराना था। जबकि कृषि उपज मण्डी समिति हिण्डौनसिटी की ओर से फल-सब्जी मण्डी में विभिन्न सुविधाएं विकसित करनी हैं।फल-सब्जी आढ़तियां ने बताया कि उनकी ओर से मण्डी में दुकानों का निर्माण पूरा हो चुका है। मण्डी समिति ने मण्डी परिसर में सड़क का निर्माण कराया है। जबकि अब प्लेटफार्म, कैंटीन और हाई मास्ट लाइट का निर्माण होना है।वर्तमान में जिला मुख्यालय पर दो स्थानों पर फल-सब्जी मण्डी का संचालन हो रहा है। फल आढ़तियां जहां पुरानी सब्जी मण्डी में दुकानों का संचालन कर रहे हैं। वहीं सब्जी के आढ़तियां नई सब्जी मण्डी में दुकानें संचालित कर रहे हैं। दोनों ही जगह शहर के व्यस्ततम स्थलों पर है जहां सदैव राहगीरों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है।

मॉडल स्कूल करौली में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

करौली (नि.स.)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से संचालित स्थानीय स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूलसीबीएसई इंग्लिश मीडियम करौली में कक्षा 6 से 8 व कक्षा 9 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

प्रधानाचार्य ओम प्रकाश बैरवा ने बताया कि कक्षा 6 से 8 व कक्षा 9 के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म 1 से 11 मार्च तक जमा किऐ जाएंगे रजिस्ट्रेशन फॉर्म 24 फरवरी से प्रतिदिन प्रात 8:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक विद्यालय से निशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन फॉर्म के साथ पासपोर्ट साइज फोटो,आधार कार्ड,अध्ययन प्रमाण पत्र तथा विविध वरीयता निर्धारक श्रेणियां बीपीएल, विधवा, परित्यकता,आरक्षित श्रेणी का जाति प्रमाण पत्र आदि आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करवाए जा सकते हैं।अन्य किसी भी प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए प्रवेश प्रभारी राजेश कुमार मीणा के मोबाइल नंबर 9929224005 पर संपर्क किया जा सकता है।

विवाह पंजीयन के लिये कार्यशाला आयोजित

करौली (नि.स.)। जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन पंचायत समिति करौली सभागार में जिला रजिस्ट्रार एवं सहायक निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग करौली की अध्यक्षता मे किया गया।

कार्यशाला में पंचायत समिति करौली एवं पंचायत समिति मासलपुर के सभी रजिस्ट्रार, प्रभारी अधिकारी सीएचसी एवं निजी चिकित्सालय के ऑपरेटरों ने भाग लिया गया। प्रशिक्षण में जिला रजिस्ट्रार उदयभान मीना ने प्रशिक्षण में पंजीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं सभी को समय पर जन्म एवं मृत्यु की घटना का पंजीकरण शत-प्रतिशत पहचान पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिये। उनके द्वारा जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के ई-साईन लंबित समस्त प्रकरणों को अतिशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किये तथा जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण संशोधन अधिनियम 2023 के संबंध विस्तृत रूप से जानकारी दी। उनके द्वारा अवगत कराया गया की जन्म के प्रपत्र-1 व मृत्यु के प्रपत्र-2 की समस्त सूचनाओं को पूर्ण भरा जाये व रिकॉर्ड का संधारण किया जाये। निजी चिकित्सालयों को निर्देशित किया की अपने यहाँ घटित समस्त घटनाओं जन्म-मृत्यु को दर्ज कर दस्तावेज 7 दिवस मे रजिस्ट्रार नगर परिषद करौली में जमा करवायें। उपरजिस्ट्रार (सीएचसी व पीएचसी प्रभारी) अपने यहा घटित जन्म-मृत्यु की समस्त घटनाओं का 21 दिवस के अन्तर्गत ही पंजीयन किया जाना सुनिश्चित करें।

समस्त रजिस्ट्रारों को अवगत कराया की उनके क्षेत्र में बाल विवाह की समस्त घटनाओं का भी अनिवार्य रूप से पंजीयन करते हूए उसकी सूचना श्रीमान जिला विवाह पंजीयन अधिकारी एव जिला कलक्टर को ऐसे पक्षकारो के माता-पिता, संरक्षक एवं अन्य के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानो के तहत आवश्यक कार्यवाही हेतु लिखा जावें।उक्त कार्यशाला में ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी श्री नरोत्तम मीना, सहायक सांख्यिकी अधिकारी बालकृष्ण गुप्ता, प्रगति प्रसार अधिकारी रीना गुर्जर, सांख्यिकी निरीक्षक दीपक कुमार मंगल उपस्थित रहें।

दो मोटर साइकिल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

मासलपुर/करौली (नि.स.)। दो मोटर बाइक चोरी के आरोप में मासलपुर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में एक बाल अपचारी को भी पुलिस ने निरुद्ध किया है।

मासलपुर थाना अधिकारी चंचल शर्मा ने बताया की एसपी सुमित मेहरडा के निर्देशन में जिले में फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड और अपराध नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थानाधिकारी मासलपुर चंचल शर्मा और उनकी टीम द्वारा मोटर साईकिल चोरी के आरोपी एक को गिरफ्तार और विधि से संघर्ष रत बालक को निरुद्ध किया है।

पुलिस ने आरोपी भाग सिंह पुत्र सरुप सिंह गुर्जर खेडा थाना मासलपुर जिला करौली को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने एक विधि से संघर्षरत बालक को भी निरूद्ध किया गया है। पुलिस ने चोरी की दो मोटर साईकिल को बरामद किया है। एवं पुलिस पूछताछ में कई वारदातों के खुलासा होने की संभावना है।

अब्दुल जब्बार का किया स्वागत

करौली (नि.स.)। जिला कबड्डी संघ के सचिव अब्दुल जब्बार को राजस्थान कबड्डी संघ का सचिव चुने जाने पर माथुर स्टेडियम पर मॉर्निंग वॉक कमेटी द्वारा सम्मान किया गया।

■ **राजस्थान कबड्डी संघ का सचिव चुने जाने पर किया गया सम्मानित**

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष भरोसी स्वर्णकार ने की मुख्य अतिथि हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष एवं राजस्थान ओलंपिक संघ महासचिव अरुण कुमार सारस्वत और विशिष्ट अतिथि महेश गुप्ता प्राचार्य थे। इस अवसर पर के.के सारस्वत, देवेंद्र शर्मा, महेश बजाज, जुगल किशोर शर्मा रामहरि गुर्जर, प्रशांत शर्मा, आसिफ खान, मोहम्मद आरिश, अंशुल सारस्वत के अलावा अकादमी और माथुर स्टेडियम के कबड्डी खिलाड़ी मौजूद रहे। उपस्थित सभी अतिथियों ने अब्दुल जब्बार का स्मृति चिन्ह भेंटकर एवं माला और साफा पहनाकर स्वागत किया।

इसी तरीके से मॉर्निंग भाग कॉमेडी के अध्यक्ष भरोसी स्वर्णकार ने भी उनको माला और साफा पहनकर स्वागत किया राजस्थान हॉकी संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार सारस्वत ने अपने उद्बोधन में बताया है कि अब्दुल जब्बार के राजस्थान कबड्डी संघ में सचिव नियुक्त होने पर करौली जिले के खिलाड़ियों को आगे जाने का मौका मिलेगा यह कर्मठ और ईमानदार व्यक्ति है जिन्होंने मेहनत लगन के साथ करौली जिले का राजस्थान में नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर कबड्डी के भीष्म पितामह के रूप में जाने जाते हैं स्वर्गीय जनार्दन सिंह गहलोत साहब को नमन किया। साथ ही राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत का भी आभार व्यक्त किया। सचिव अब्दुल जब्बार ने कहा कि राजस्थान कबड्डी संघ के सभी पदाधिकारी ने मुझ पर जो भरोसा किया उस पर मै निस्वार्थ भाव से खेल के विकास के लिए कार्य करूँगा।

करौली के खोड़ा, डेडरोली, टोडुपुरा व लीलोटी के लोह अयस्क ब्लॉकों की ई-नीलामी शुरु

जयपुर। राज्य के माइंस विभाग ने राजस्थान के करौली में आयरन ओर (लोह अयस्क) के 4 ब्लॉकों की कंपोजिट लाइसेंस के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया शुरु करते हुए भारत सरकार के पोर्टल एमएसटीसी पर टेण्डर डाक्यूमेंट बिक्री के लिए उपलब्ध करा दिया है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश और पहल पर खान विभाग ने पिछले दिनों ही करौली में हिण्डोन के पास करीब 1888 हैक्टेयर क्षेत्र में आयरन और ब्लॉकों के कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की तैयारी शुरु की। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि करौली के हिण्डोन के पास खोड़ा, डेडरोली, टोडुपुरा और लीलोटी में आयरन ओर के 840 मिलियन टन से अधिक डिपोजिट के संकेत मिले हैं। राज्य सरकार द्वारा कंपोजिट लाइसेंस के लिए ई-नीलामी की जाएगी। आयरन ओर के नए डिपोजिट्स से प्रदेश में औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जो स्वयं खान मंत्री भी हैं, के मार्गदर्शन में नई

खान सचिव आनन्दी की मौजूदगी में करौली में आयरन ओर (लोह अयस्क) के 4 ब्लॉकों की कंपोजिट लाइसेंस के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया के सम्बंध में बैठक हुई।

सरकार बनते ही विभाग लगातार एक्शन मोड पर आ गया है। पहले 15 दिन का अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान चलाया गया, वहीं मेजर और माइनर ब्लाकों व आरसीसी ईआरसीसी ठेकों की नीलामी जारी है।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि करौली के आयरन ओरब्लॉकों की ई-नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक प्रतिभागी 15 मार्च तक एमएसटीसी पोर्टल से टैण्डर डॉक्यूमेंट अपलोड कर सकेंगे। देश-दुनिया में कहीं से भी ई-नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक प्रतिभागी 4 अप्रेल को मध्यान्ह एक बजे तक बिड प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके बाद 22 अप्रेल को डेडरोली, 23 अप्रेल को खोडा, 24 अप्रेल को लीलोटी और 25 अप्रेल को टोडुपुरा आयरन ओर ब्लॉक की ई-नीलामी होगी।

निदेशक खान भगवती लाल कलाल ने बताया कि विभाग द्वारा करौली आयरन ओर के चारों ब्लॉकों की ई-नीलामी का नोटिस जारी कर दिया गया है।

■ **'ई-नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक प्रतिभागी 15 मार्च तक एमएसटीसी पोर्टल से टैण्डर डॉक्यूमेंट अपलोड कर सकेंगे'**

उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभागीय वेबसाइट और भारत सरकार के पोर्टल एमएसटीसी पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। कलाल ने बताया कि विभाग मेजर और माइनर ब्लॉकों की ई-नीलामी का नया रेकार्ड कायम करने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नीलामी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने से देश दुनिया में कहीं भी बैठा व्यक्ति भारत सरकार के ई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर नीलामी में हिस्सा ले सकते हैं।

एक गौ तस्कर को गिरफ्तार किया

गंगापुर सिटी। तस्करी कर उत्तर प्रदेश की तरफ ले जाए जा रहे गोवंश को गो सेवकों ने मौके पर पहुंचकर तस्करों के कब्जे से छुडा लिया। घटना बुधवार रात की है। हालांकि तस्कर मौके से भाग छूटे, लेकिन इनका एक आरोपी गो सेवकों के हत्थे चढ गया, जिसे पुलिस के सुपुर्द किया गया। गो सेवक रिंकू सिंह चौहान ने बताया कि सवाई माधोपुर से साथियों को गो तस्करी की सूचना मिली थी। सवाई माधोपुर में गो सेवकों ने तलाश किया, लेकिन वहां कहीं उन्हें गो तस्कर नहीं मिले। उन्होंने सवाई माधोपुर में फिर तस्दीक की तो तस्करी कर ले जाए जा रहे गोवंश के गंगापुर में जयपुर रोड के पास बाढ कलां और अरनिया के बीच होने की सूचना मिली। सूचना पर उन्होंने अपने अन्य साथियों को इस बारे में बताया और गो सेवक पवन समाधिया, रघुनंदन सिंह, भवानी यादव, मोहित सिंह राणा, वीरा बना, इंद्र गुर्जर, वीरू सिंह राजपूत सहित कई गो सेवक मौके पर पहुंचे। गो तस्करों ने दो-तीन गायों को समूह बनाकर एक ही रस्से से करीब 1०० गोवंश को बांधकर पटका हुआ था। यहां से इस गोवंश को वाहनों में भरकर उत्तर प्रदेश की तरफ ले जाने की फिराक में थे। जैसे ही वे मौके पर पहुंचे तो बहुत तस्कर उन्हें देखकर वहां से भाग छूटे।

जिला कलेक्टर ने मुख्य बाजार का निरीक्षण किया

डीग (निस)। जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज ने शुक्रवार को डीग जिले के उपखंड कुम्हेर के नगर पालिका एवं मुख्य बाजार का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर भारद्वाज ने नगर पालिका पहुंचते ही वहां की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उन्होंने नगर पालिका में मास्टर प्लान, भूमि, लेखा, संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों, साफ-सफाई, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जनकल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्विति सहित विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण कर एसडीएम कुम्हेर जोगेंद्र सिंह एवं संबंधित कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने नगर पालिका कार्यालय में पत्रावलियों का संधारण व्यवस्थित नहीं होने को गंभीरता से लिया एवं ई-फाइल सिस्टम पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए है, ताकि रिकॉर्ड का संधारण व्यवस्थित रूप से हो सके एवं पत्रावली की ट्रेकिंग की जा सके। इस दौरान कार्य वितरण एवं लंबित प्रकरणों को देखते हुए उन्होंने सख्त दिशा निर्देश दिए। साथ ही एक प्रकरण जो 23 साल से लंबित है एवं जिस पर समुचित कार्रवाई भी की जा चुकी है उस पर अभी तक पूर्ण कार्य ना करने पर उपखंड अधिकारी कुम्हेर

■ **पालिका कार्यालय में पत्रावलियां व्यवस्थित नहीं होने को गंभीरता से लिया**

को उक्त प्रकरण के जांच के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने कुम्हेर के बाजार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बाजार को सुव्यवस्थित करने एवं वहा पर पूर्ण साफ सफाई के लिए उपखंड अधिकारी को निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाजार क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर स्थितियों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बाजार स्थल में नियमित साफ सफाई करवाने, ड्रेनेज सिस्टम को व्यवस्थित करने को कहा। साथ ही समुचित शौचालय, पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मौके पर ही महिला शौचालय के लिए भी जमीन चिंहितकरण किया और संबंधित अधिकारियों को शौचालय निर्माण के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर तहसीलदार कुम्हेर संदीप जैन, तहसीलदार रारह चरण सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।